VARDHMAN NEWS™ VN NEWS पदमं नाणं तओ दया BEAWAR (RAJ.)

वर्द्धमान News

Digital Edition शिक्षा का उजियारा

ब्यावर, 03 दिसम्बर 2025, बुधवार Email : vardhmannewsbwr@gmail.com मूल्य : नि:शुल्क

वर्द्धमान को मिला इंडिया प्राइड अवार्ड

समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख को दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने दिया अवार्ड





महिला शिक्षा के क्षेत्र में सिरमोर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त होने का गौरव प्राप्त है। इसी श्रृंखला में पारंपरिक पाठयक्रम से हट कर अत्यन्त न्यूनतम शैक्षणिक शुल्क पर कौशल विकास विषय संचालित कर अत्यानुधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में विख्यात श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति को पूर्व में कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके है। दो बार प्राइड ऑफ राजस्थान से सुशोभित वर्द्धमान को अब प्राइड ऑफ इंडिया से सुशोभित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। दिल्ली एयरपोर्ट के निकट स्थित सेवन स्टार होटल पुलमान एयरोसिटी में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास कैबिनेट मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्राइड ऑफ इंडिया सम्मान नवाजा गया। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख एवं उनकी जीवनसंगिनी श्रीमती शशि पारख ने इस अविस्मरणीय कार्यक्रम में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सम्मान ग्रहण किया। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने बताया कि समिति की शिक्षण इकाईयां अपनी विशिष्ट गुणवत्ता के कारण शैक्षणिक पटल पर प्रमुख स्थान अर्जित किए हुए है इसमें श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय के माध्यम से समिति महिला शिक्षा के उत्थान एवं उन्नयन हेतु समर्पित है। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी आधुनिक युग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए वैश्विक पटल पर विद्यार्थियों को उपर्युक्त अवसर प्रदान करने की मंशा से स्थापित इकाईयां अपनी प्रतिबद्धता के कारण विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास में सार्थक सिद्ध हो रही है। विशेषकर ब्यावर की छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध होने से स्थानीय प्रतिभाओं को अब वैश्विक पटल पर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हेतु विभिन्न अवसर प्राप्त कराने हेतु समिति प्रबंधन कटिबद्ध है। डा पारख ने प्राइड ऑफ इंडिया सम्मान को वर्द्धमान परिवार के सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित करते हुए आभार प्रकट किया। यह विशिष्ट राष्ट्रीय सम्मान टीम के जूनून को प्रज्वलित कर अधिक उत्कृष्टता से कार्य करने हेतु प्रेरणा प्रदान करेगा।





इंडिया प्राइड अवार्ड....

डॉ नरेन्द्र पारख का किया अभिनन्दन

महिला शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, आधुनिक सुविधाओं, कौशल विकास केंद्रित शैक्षणिक दृष्टिकोण तथा न्यूनतम शुल्क पर उच्च शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध करवाने जैसे क्षेत्र में विलक्षण उपलब्धियों के लिए दिल्ली में भव्य समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजे गए श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख का ब्यावर लौटने पर वर्द्धमान ग्रुप द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष ज्ञानचंद बिनायकिया, सहमंत्री सुनील ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष देवराज लोढा, प्रबंधकारिणी सदस्य दीपचन्द कोठारी, प्रकाश गदिया, दुलराज मकाणा, अरविन्द मूथा, उत्तमचंद देरासरिया, रमेशचन्द मेड़तवाल, सदस्य चन्दूलाल कोठारी, धनपतराज श्रीश्रीमाल, वैभव सकलेचा, समाज सेवी नीरज लोढ़ा, अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा, बी एल गोठी स्कूल प्राचार्य धर्मेन्द्र शर्मा, उप प्राचार्या सुनिता चौधरी, नाज स्कूल प्राचार्य डॉ निवेदिता पाठक, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल प्राचार्य श्वेता नाहर, सहित समस्त संकाय सदस्यो एवं कर्मचारीगण एवं वर्द्धमान जन संपर्क अधिकारी बबलू अग्रवाल, कार्यालय प्रबंधक नेहा जैन, खुशी भाटी, अजय चौधरी, प्रवीण जैन, ईशान सांखला, राहुल मौर्य आदि ने हार्दिक बधाई देते हुए शॉल, माला व साफा पहनाकर एवं बुके देकर डॉ. पारख का भव्य अभिनन्दन किया।









साप्ताहिक
वर्द्धमान News
Digital Edition शिक्षा का उजियारा

Education is the most
Powerful weapon which you
Can use to change the world

ब्यावर
03 दिसम्बर 2025, बुधवार











मातृभूमि की प्रतिभाओं की उड़ान में पंख लगा सकूं, ये मेरा सौभाग्य होगा : कमलेश मेहता



दुनियां की महाशक्ति यूएसए में द साउथ एशियन टाइम्स-न्यूयॉर्क के चेयरमैन कमलेश सी मेहता जो ब्यावर की माटी पर जन्मे, पले,पढ़े, बढ़े और वर्तमान में उन्होंने अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी में अपने व्यवसाय के साथ अंतराष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना ली है। इतने ऊंचे मुकाम पर पंहुचने के बावजूद आज भी इन्हें अपनी मातृभूमि से बेहद लगाव है और व्यस्तता के बावजूद बार बार ब्यावर आने का मन बना ही लेते हैं। सोमवार को अपने अल्पकालीन ब्यावर प्रवास के दौरान वो वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय परिसर में पधारे एवं महाविद्यालय की छात्राओं से रूबरू हुए एवं अपने उद्बोधन में कहा कि में अपनी मातृभूमि के काम आ सकूं, किसी भी जरूरतमंद के किसी भी तरह से मदद कर सकूं तो ये मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात होगी। इसके लिए कोई भी मुझसे सीधा संपर्क कर सकता है। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय में महिलाओं और बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उन्हे स्वावलंबन, सुरक्षा, संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक कर आर्थिक व सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने मुख्य अतिथि कमलेश मेहता के बारे में बताया कि ब्यावर से लेकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी एवं ब्यावर की अमूल्य पहचान बनाते हुए ब्यावर का नाम गौरवान्वित किया है। इनका जीवन छात्राओं के लिए एक आदर्श और प्रेरणा स्रोत है। द साउथ एशियन टाइम्स न्यूयॉर्क के चेयरमैन कमलेश मेहता ने छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि स्थायी सफलता और वास्तविक तरक्की उन्हीं को मिलती है जो मेहनत, अनुशासन, चरित्र और दीर्घकालिक योजनाओं पर विश्वास रखते हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा महिला शिक्षा एवं कौशल आधारित शिक्षा के क्षेत्र में किए



जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसी संस्थाएँ समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सैकड़ों छात्राओं द्वारा श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख का प्राइड ऑफ इंडिया मिलने की खुशी में सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर सी लोढा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए शिक्षण और शैक्षणिक विकास में उत्कृष्ट योगदान हेतु शिक्षण अधिगम, प्रभावशीलता, आउटरीच गतिविधियों, नवाचार जैसे मापदंडो के आधार पर बेस्ट फैकल्टी ऑफ द ईयर-2025 हेतु बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा और लवीना ज्ञानचंदानी व्याख्याता राजनीति विज्ञान के नामों की घोषणा कर उन्हें प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष ज्ञानचंद बिनायकिया, सहमंत्री सुनील ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, प्रबंधकारिणी सदस्य प्रवीण खेतपालिया, दीपचन्द कोठारी, प्रकाश गदिया, उत्तमचंद देरासरिया, अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा सहित समस्त संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।







वर्द्धमान महाविद्यालय में सामाजिक एवं सांस्कृतिक सप्ताह झंकार-2025 का हुआ आगाज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में सामाजिक एवं सांस्कृतिक सप्ताह 'झंकार- 2025 कार्यक्रम का प्रारम्भ प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा, अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा एवं संयोजिका निधि पंवार ने नवकार मंत्र की स्तुति के साथ किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा ने बताया कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। छात्राओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है जिससे उनमें आत्मविश्वास, कलात्मकता और रचनात्मकता का विकास, अनुशासन एवं समर्पण आदि गुणों को जाग्रत करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है।

झंकार-2025 के प्रथम दिन रंगोली, स्केचिंग एवं युगल नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता मे छात्राओं ने रंगों के माध्यम से अपनी सृजन क्षमता का परिचय देते हुए अनेक विषयों पर पारंपरिक रंगोलियों का चित्रण करते हुए प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेम का संदेश दिया व रंगों की अनुपम छटा बिखेर कर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया। इसमें प्रथम स्थान पर भूमिका एवं करिश्मा नाथ द्वितीय स्थान पर वंशिका सांखला व सोनम गुलाबानी तथा तृतीय स्थान पर चंचल ठठेरा व महक बाबेल रहीं।

स्केचिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिम्पी साहू, द्वितीय स्थान भक्ति बैरवा तथा तृतीय स्थान मोनिका कुमावत ने प्राप्त किया।

युगल नृत्य प्रतियोगिता में आकर्षक रंगीन परिधान और नयनाभिराम साज-सज्जा में अपनी प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी अत्यंत ही सुंदर, भाव व मोहक दृश्य का सृजन कर रहे थे। युगल नृत्य में भव्या गहलोत एवं हर्षिता गहलोत ने प्रथम स्थान, हर्षा दासानी एवं दिशा आसवानी ने द्वितीय स्थान एवं पूर्वी सेन व जानवी गोस्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका बबीता कुमावत, डिम्पल यादव, रक्षा शर्मा, भव्या, राधिका झंवर एवं कीर्ति मालपानी ने निभाई। कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



















गोठी स्कूल में हुआ एक दिवसीय करियर फेयर

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य विद्यार्थियों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और आकांक्षाओं के अनुरुप सही करियर पथ चुनने में मदद करना है।

इस आयोजन में देशभर की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया, जिनमें एस आर एम विश्वविद्यालय एपी, एम आई टी पुणे, आई सी एफ ए आई विश्वविद्यालय, जे के लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय जयपुर, आई आई एल एम गुरुग्राम, आई आई एस विश्वविद्यालय, फ़ैसडेस अकैडमी ऑफ़ फ़ैशन डिज़ाइन, एस जी टी विश्वविद्यालय गुरुग्राम, मोदी विश्वविद्यालय लक्ष्मणगढ़, गणपत विश्वविद्यालय गुजरात, एपेक्स विश्वविद्यालय, पोददार संस्थान समूह जयपुर, दून बिजनेस स्कूल देहरादून, स्वर्णिम विश्वविद्यालय, पारुल विश्वविद्यालय जयपुर आदि शामिल रहे। इन संस्थानो के करियर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, आवश्यक कौशल, नए कोर्सेज तथा भविष्य की रोजगार संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण व विस्तृत जानकारी प्रदान की। समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि करियर मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों को अपनी ताकत, कमजोरियों और रुचियों को समझने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित कर सकें।

शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने कहा कि हमें खुशी है कि हम अपने विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करने में सक्षम हुए है। जहाँ वे भविष्य के लिये सचेत निर्णय ले सकें। यह कार्यक्रम उन्हें बेहतर और संतुष्ट करियर की ओर ले जाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को प्रेरित करेगा कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए सही दिशा में आगे बढ़ें।

शाला प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि हमें यह तो पता होता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना यह मालूम नहीं है। इसलिए कई विश्वविद्यालयों के करियर अभियान से विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर मंच प्रदान करते हैं, जिससे उनके करियर के अवसर और व्यापक होते है। प्राचार्य शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आपकी काउंसलिंग होती है और आप उसकी सहायता से अपने लिये सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र का चुनाव कर सकते है हमारे समय में ऐसा नहीं था। शाला की उपप्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को सही करियर चुनने की दिशा में अत्यंत सहायक होते है। उन्होनें विद्यार्थियों से मार्गदर्शन व काउंसलिंग में बताए गए बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में तीनों संकाय सदस्यों एवं अन्य का विशेष सहयोग रहा। समस्त आंगतुक सस्थानों के प्रतिनिधियों ने शाला परिवार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यार्थियों के उत्साह और सक्रिय सहभागिता की सराहना की।

बाल दिवस पर बच्चों ने किया एंजॉय





दिनांक 14 नवंबर 2025 को श्री वर्द्धमान समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में बाल दिवस के अवसर पर भव्य कक्षा -कक्ष गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर उत्साह, आनंद और रंग-बिरंगी सजावट से गूंज उठा। जूनियर वर्ग में विद्यार्थियों को प्रेरक और जीवन-कौशल सिखाने वाली फिल्में दिखाई गई। प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक का मानना है कि किताबी ज्ञान के अलावा, फिल्में बच्चों को जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य सिखाती हैं।ऐसी कहानियों के माध्यम से बच्चों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। विद्यार्थियों में दृढ़ता, लचीलापन और सहानुभूति जैसे गुणों का विकास होता है। सीनियर वर्ग में विद्यार्थियों को कक्षा में अनेक तरह खेल खिलाए गए।

कक्षा में इन गतिविधियों के आयोजन का उद्देश्य छात्रों की सक्रिय भागीदारी और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना है। यह विषय में रुचि पैदा करता है,छात्रों को ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने में मदद करता है, और सामाजिक व रचनात्मक कौशल विकसित करता है। गतिविधियाँ छात्रों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और टीम वर्क को भी बढ़ावा देती है।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम की वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा द्वारा सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहे।













एकल नृत्य प्रतियोगिता में दी आकर्षक प्रस्तुतियां...

22 नवंबर 2025 को श्री वर्द्धमान समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में सब जूनियर वर्ग में रेट्रो सॉन्ग 80एसथीम पर एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से तृतीय तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती गीतांजलि शर्मा ने कार्यक्रम का कार्यभार संभाला। मंच का संचालन श्रीमती तेजल खत्री और श्रीमती पूनम पालरिया ने किया। प्रतिभागियों ने अलग अलग गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियो ने सुर-लय-ताल, भाव-भंगिमा और एकल-समन्क्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। निर्णायक मंडल में श्रीमती रितु शर्मा और सुश्री प्रियंका वैष्णव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णय निर्णायक मंडल द्वारा सामूहिक रूप से घोषित किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान लविष्का , द्वितीय स्थान प्रिहान और चित्रांशी, तृतीय स्थान ओजस्विता ने प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान मायरा, द्वितीय स्थान कनक, तृतीय स्थान एलिस ने प्राप्त किया। कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान याशिका, द्वितीय स्थान चित्रांग, तृतीय स्थान प्रियांशी ने प्राप्त किया। कक्षा प्रथम में रुद्राक्ष को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने कहा प्रतियोगिता में शामिल होना और मंच पर किसी कुशल कलाकार की तरह प्रस्तुति देना ही हर बच्चे के लिए पारितोषिक से बढ़कर है। प्रतियोगिता में भाग लेते रहने से बच्चों में आत्म अनुशासन, आत्मविश्वास, एकाग्रता सामाजिकता, शारीरिक फिटनेस, लचीलापन व समन्वयता जैसे अनेक गुण स्वत: विकसित हो जाते हैं। इस अवसर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक और उप्राचार्य श्री नागेश राठौड़ द्वारा कार्यक्रम की सराहना की और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

नाज में चित्रकला और अनुच्छेद-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



श्री वर्द्धमान समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में महावीर इंटरनेशनल पर्यावरण टीम द्वारा वृक्षारोपण एवं मृदा संरक्षण अभियान के अंतर्गत मिशन ऑक्सीजन के तहत चित्रकला और अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर कर हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। चित्रकला में विद्यार्थियों ने विविध विषयों पर कला का प्रदर्शन किया जिसमें

1. धरती मास्क पहने हुई - क्योंकि हवा में ऑक्सीजन कम हो रही है।

2. सूखे पेड़ और एक हरा पेड़ - संदेश: पेड़ बचाओ=ऑक्सीजन बचाओ।

3. अस्पताल में कोई व्यक्ति ऑक्सीजन सिलेंडर पर - प्रदूषण और कम ऑक्सीजन का प्रभाव।

4. पिघलते ग्लेशियर + उदास पृथ्वी - वातावरण बदलाव से ऑक्सीजन प्रभावित।

5. धुएँ से भरा शहर बनाम हरा-भरा गाँव - दो अलग-अलग दृश्य।

1. पेड़ को गले लगाता बच्चा

2. एक हाथ में पेड़ और दूसरे में फैक्ट्री का धुआँ - तुलना दिखाने के लिए।

3. समुद्र में मृत होती मछलियाँ - पानी में कम ऑक्सीजन का प्रतीक।

4. पेड़-पौधों से निकलती ऑक्सीजन की बबल्स - वैज्ञानिक-सी ड्राइंग।

1. स्मॉग से ढका शहर और मास्क पहने लोग

2. एक फैक्ट्री धुआँ निकालती हुई और सामने पेड़ मुरझाते हुए

3. बच्चे हवा में 'O2 लिखते हुए - जागरूकता संदेश।

2. फेफड़े की ड्राइंग जिसके एक तरफ पेड़ और दूसरी तरफ धुआँ।

3. ऑक्सीजन सिलेंडर बनाम प्राकृतिक पेड़ - पेड़ असली ऑक्सीजन टैंक।

प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता वृक्षारोपण और मृदा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई। जिससे विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जागरूक करना है।



वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग ने किया वृक्षारोपण





वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ आर सी लोढ़ा के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओ द्वारा बड़े उत्साह के साथ मुख्यत: रूप से रुद्राक्ष, अशोक, गुलमोहर, जामुन और नीम आदि के पौधों का रोपण किया गया। अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढा ने बताया की इस वृक्षारोपण का उद्देश्य न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाना भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर, नोडल ऑफिसर छवि गरवाल, मेकअप व्याख्याता प्रियंका मंगरोला, नीलम खत्री, फैशन डिज़ाइनिंग व्याख्याता ऋतु प्रजापति, भावना सोनी सहित अनेक छात्राएँ उपस्थित रहीं।



झंकार-2025

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्राओं ने जमाया रंग

मंच पर भावनाओं की जीवंत अभिव्यक्ति, संचार व संगीत के साथ समन्वयता, लयबद्ध गतियों के माध्यम से छात्राओं ने शास्त्रीय, लोकगीत एवं आधुनिक नृत्य शैलियों पर हुई विविध प्रस्तुतियां

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढा के निर्देशन में चल रहे ''झंकार- 2025'' कार्यक्रम के अन्तर्गत दूसरे दिन अंग्रेजी संभाषण, लघु नाटिका एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अंग्रेजी संभाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न बिन्दुओं व तथ्याधारित तर्कों के माध्यम से अपने मन के भावों को मंच पर प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान यशस्वी दाधीच, द्वितीय वंशिका दतवानी एवं तृतीय स्थान हर्षा दासानी ने प्राप्त किया। लघु नाटिका प्रतियोगिता में छात्राओं ने समसामयिक विषयों पर अभिनय द्वारा सामाजिक व्यवस्था पर एक नवीन दृष्टिकोण प्रस्तुत कर जाग्रति लाने का प्रयास करते हुए प्रथम स्थान टीया एवं समूह, द्वितीय स्थान वंशिका एवं समूह एवं तृतीय स्थान योगिता एवं समूह ने प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने सुंदर रूप सज्जा, मधुर संगीत, तालमेल, भाव और ऊर्जा से भरी भव्य नृत्य प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेजल भट्ट, द्वितीय स्थान अन्वेषा नाहटा एवं तृतीय स्थान तन्वी अग्रवाल ने प्राप्त किया। सभी विजयी छात्राओं को अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा एवं झंकार संयोजिका निधि पंवार द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। प्रतियोगिताओं मे निर्णायक की भूमिका डॉ हरीश गुजराती, डॉ नरेंद्र साद, विधि त्रिपाठी, वर्षा तापड़िया, शोभा बंशीवाल एवं वसुधा माहेश्वरी ने निभाई। कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रही।























झंकार-2025

वाद-विवाद के चले तीर

समूह नृत्य में छात्राओं ने मचाया धमाल















श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढा के निर्देशन में चल रहे 'झंकार- 2025' कार्यक्रम के अन्तर्गत तीसरे दिन वाद-विवाद, आशु भाषण एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने प्रखर तर्क, सटीक अभिव्यक्ति तथा प्रभावशाली प्रस्तुति मंच पर प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान दीक्षिका पालीवाल, द्वितीय मनहर कौर एवं तृतीय स्थान मानवी तिवारी ने प्राप्त किया।

आशु भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ अपने विचार प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान मनहर कौर, द्वितीय स्थान मानवी तिवारी एवं तृतीय स्थान वंशिका दतवानी ने प्राप्त किया।

समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने सुंदर रूप सज्जा, मधुर संगीत, तालमेल, भाव और ऊर्जा से भरी भव्य नृत्य प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनवी अग्रवाल एंड समूह, द्वितीय स्थान हर्षा दासानी एंड समूह एवं तृतीय स्थान योगिता नायक एंड समूह ने प्राप्त किया।

सभी विजयी छात्राओं को अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा एवं झंकार संयोजिका निधि पंवार द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

प्रतियोगिताओं मे निर्णायक की भूमिका डॉ हरीश कुमार, प्रो. कला जैन, डॉ नीरजा उपाध्याय, सीएस सरला शर्मा, स्वाति राठी, सुरभि हालाखंडी, कनिका अग्रवाल ने निभाई।

झंकार-2025 में एकल गायन व समूह गायन प्रतियोगिता हुई आयोजित

तालियों की गूंज, गर्वित मुस्कान और मधुर स्वर के साथ एकल एवं समूह गायन प्रतियोगिता आयोजित यह केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि संगीत के प्रति प्रेम और छात्राओं की छिपी प्रतिभा को सामने लाने का उत्सव था, जिसने सम्पूर्ण वर्द्धमान महाविद्यालय को एक सुर में बांध दिया। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढा के निर्देशन में चल रहे ''झंकार- 2025'' कार्यक्रम के अन्तर्गत चतुर्थ दिन मेहंदी, एकल गायन व समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने एक-दूसरे की हथेलियों पर मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक डिजाइन से लेकर आधुनिक काल तक की सुंदर डिजाइन बनाते हुए महक परिहार ने प्रथम स्थान, सलोनी







कुमावत ने द्वितीय एवं संजना देवड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गायन एवं समूह गायन प्रतियोगिता में संगीत की मधुर ध्वनियों के साथ वातावरण उल्लास और प्रेरणा से भर गया छात्राओं ने मंच पर अपनी संगीत प्रतिभा, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति, भावपूर्ण गायकी, सुर-लय पर पकड़ और मंच परिपक्वता से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका, द्वितीय स्थान शिम्पी साहू एवं तृतीय स्थान सुगना रावत ने प्राप्त किया साथ ही समूह गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल एंड समूह, द्वितीय स्थान फिजा एंड समूह एवं तृतीय स्थान नेन्सी एंड समूह ने प्राप्त किया। सभी विजयी छात्राओं को अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा एवं झंकार संयोजिका निधि पंवार द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। प्रतियोगिताओं मे निर्णायक की भूमिका लता, प्रभा जैन, निकिता मीणा, मोना शर्मा ने निभाई। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य एवं कर्मचारी गण एवं छात्राएं उपस्थित रही।



वर्द्धमान महाविद्यालय में झंकार 2025 का भव्य समापन, विजेता छात्राओं को किया पुरस्कृत







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित सांस्कृतिक सप्ताह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

यह सांस्कृतिक सप्ताह कला, संगीत, नृत्य, साहित्य और युवा ऊर्जा के जीवंत संगम के रूप में उभरा, जिसने परिसर को उत्सवी रंगों और उत्साह से भर दिया।

इस सांस्कृतिक सप्ताह में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, रंगीन संस्कृति और एकता का अदभुत प्रदर्शन किया जो अविस्मरणीय रहा।

सप्ताह के पांचवे दिन फायर लैस कुकिंग प्रतियोगिता में छात्राओ ने अपनी रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए कलर सैंडविच, मिल्क शेक, कोल्ड कॉफी, गोलगप्पे, ओरियो केक, भेलपुरी, मूँगफली का सलाद, पापड़ी चाट, दही भल्ले जैसी अनेक मजेदार और स्वस्थ खाने की वस्तुएँ तैयार की। इस गतिविधि में छात्राओ को न सिर्फ खाना बनाने के लिए प्रेरित किया गया बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया गया।फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में हीना बानो व नीलम शर्मा ने प्रथम,शिवांगी व प्रियंका चौहान ने द्वितीय और जानवी गोस्वामी व सुमित्रा रायचन्द ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रश्नमंच प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय तृतीय वर्ष की छात्राओ ने प्रथम , विज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्राओ ने द्वितीय व बी सी ए द्वितीय वर्ष की छात्राओ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सप्ताह के छठे दिन अंताक्षरी प्रतियोगिता में वाणिज्य संकाय की छात्राओं ने प्रथम , बी सी ए संकाय की छात्राओं ने द्वितीय व विज्ञान संकाय की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका नंदिनी गोयल व प्रीति जैन ने निभाई।

सभी विजेता छात्राओं को अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा व झंकार संयोजिका निधि पंवार द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किये गए।

कार्यक्रम के अंत मे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर सी लोढ़ा कहा कि झंकार हमारे महाविद्यालय की सांस्कृतिक समृद्धि, रचनात्मक सोच और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सहभागिता की भावना को मजबूत करते हैं। मैं इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और समस्त संकाय सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग में सोशल मीडिया सेमिनार का हुआ आयोजन





वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग में सोशल मीडिया पर विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका संचालन जप डिजीमीडिया सर्विसेज की संस्थापक डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट पूजा द्वारा किया गया।

सेमिनार का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल दुनिया की नवीनतम तकनीकों, सोशल मीडिया मार्केटिंग के महत्व तथा ऑनलाइन ब्रांडिंग के प्रभावी तरीकों से परिचित कराना था।

सेमिनार के दौरान डिजिटल मीडिया एक्सपर्ट ने छात्राओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट क्रिएशन, पर्सनल ब्रांडिंग, इंस्टाग्राम व फेसबुक एल्गोरिदम, डिजिटल ट्रेंड्स और ऑनलाइन बिज़नेस ग्रोथ से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढा ने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग आज के समय में करियर और बिज़नेस दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण साधन बन चुका है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने बताया कि ऐसे सेमिनार छात्राओं के कौशल विकास और भविष्य के अवसरों को मजबूत बनाने में बेहद कारगर साबित होते हैं। सेमिनार के अंत में सैफ्रॉन फन फिएस्टा में अपनी सेवाएं देने वाली छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिती दर्ज कराने के लिए उत्साहित किया गया। सेमिनार में मेकअप व्याख्याता प्रियंका मंगरोला, नीलम खत्री, फैशन डिजाइनिंग व्याख्याता भावना सोनी, सहित विभाग की छात्राएं उपस्थित रही।